दृष्टि The Vision



# करेंट अफेयर्स मध्य प्रदेश

## मार्च 2022

(संग्रह)

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

# अनुक्रम


**मध्य प्रदेश** 4

- मुख्यमंत्री ने किया 'शिव ज्योति अर्पणम'कार्यक्रम की शुरुआत 4
- प्रदेश में इज़रायल के सहयोग से बनेंगे कृषि उत्कृष्टता केंद्र 4
- सौर ऊर्जा पार्क की स्थापना की स्वीकृति 5
- गौहर महल में 14 दिवसीय हैंडलूम एक्स-पो का शुभारंभ 5
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ट्रेड प्रमोशन काउंसिल गठित 6
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय सतर्कता मॉनिटरिंग समिति का गठन 6
- एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप में प्रज्ञा सिंह ने जीता रजत पदक 6
- एमपीटी सदर्न स्पाइसेज़ का शुभारंभ 7
- बुधनी बनेगा देश का पहला वाटर प्लस और अद्भुत शहर 7
- 'मिलावट से मुक्ति अभियान' के तहत दूध टेस्टिंग की सुविधा 8
- एशियन सेलिंग चैंपियनशिप में रितिका-नेहा ने जीते मेडल 8
- महिला उद्यमिता पर वर्चुअल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 9
- टाइम्स पैशन ट्राइबल ट्रेल एवं ताज ट्राइबल फूड फेस्टिवल 9
- कौशल विकास, सीमेंस इंडिया और जीआईज़ेड इंडिया के मध्य हुआ त्रिपक्षीय एमओयू 9
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मिली कई सौगातें 10
- पन्ना टाइगर रिज़र्व में हुई गिद्धों की जीपीएस टैगिंग 10
- प्रदेश में महिला सशक्तीकरण के लिये 4 महत्त्वपूर्ण निर्णय 11
- मध्य प्रदेश की जोधैया बाई बैगा 'नारी शक्ति पुरस्कार'से सम्मानित 11
- महिला मेट सम्मान उत्सव 12
- आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ 12
- दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना 13
- वेस्ट से वंडर मंत्र में तैयार हुआ सेल्फी प्वाइंट 13
- 32वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ 13
- प्रदेश के पहले ड्रोन स्कूल का उद्घाटन 14
- वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 1652 वन्य-प्राणी 14
- राष्ट्रीय युवा संसद में भोपाल की रागेश्वरी अंजना को मिला प्रथम स्थान 15
- मध्य प्रदेश में 'द कश्मीर फाइल्स'फिल्म करमुक्त 15
- मुख्यमंत्री ने किया इंदौर-गोंदिया-हैदराबाद फ्लाइट का शुभारंभ 16
- इंडियन टेंट टर्टल 16
- मातृ एवं शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम करने हेतु टास्क फोर्स गठित 17
- 'मन का मोगरा' पुस्तक का विमोचन 17


**नोट :**

- देश की 13 नदियों के कायाकल्प की परियोजना में नर्मदा का चयन 17
- 'ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज'प्रतियोगिता में देश के शीर्ष 11 में प्रदेश के 4 शहर का चयन 18
- कॉलेजों को मिलेगा दो वर्ष का प्रोविजनल एक्रीडिटेशन 19
- 1 अप्रैल से मज़दूरों को मिलेगा कैशलेस इलाज 19
- औबेदुल्ला खाँ हैरिटेज कप हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ 20
- 'आदि बाज़ार' का भोपाल हाट में उद्घाटन 20
- 21 मार्च, 2022 को ट्राइफेड के अध्यक्ष रामसिंह राठवा ने भोपाल के भोपाल हाट में जैविक जनजातीय उत्पादों और दस्तकारी के सामानों की जीवंत प्रदर्शनी 'आदि बाज़ार'का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। 20
- प्रदेश के लिये एक लाख 15 हज़ार 564 प्रधानमंत्री आवास (शहरी) स्वीकृत 21
- प्रदेश की 2 महिलाओं का दिल्ली में सम्मान 21
- इंडो-इज़राइल प्रोजेक्ट के तहत हरदा में खुलेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 21
- मुख्यमंत्री ने किया चतुर्थ चित्रभारती फिल्मोत्सव प्रदर्शनी का शुभारंभ 22
- मावे के तीनदिवसीय अधिवेशन स्वीप-2022 का शुभारंभ 22
- जल जीवन मिशन में इंदौर संभाग अव्वल 22
- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय संचालन समिति गठित 23
- प्रदेश के शहरों में प्रारंभ होंगे गोबर-धन प्रोजेक्ट 23
- महेश्वर उत्सव 23
- रेलवे ने ओबैदुल्ला खान हॉकी कप टूर्नामेंट जीता 24
- बुरहानपुर बना शत-प्रतिशत नल-जल युक्त पहला जिला 24
- सौर ऊर्जा चालित ई-प्राइम मूवर यंत्र 25
- मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी और नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के मध्य अनुबंध 25

# मध्य प्रदेश

## मुख्यमंत्री ने किया ‘शिव ज्योति अर्पणम’कार्यक्रम की शुरुआत

### चर्चा में क्यों ?

- 1 मार्च, 2022 को महाशिवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी धर्मपत्नी साधना सिंह के साथ उज्जैन की क्षिप्रा नदी के रामघाट पर 15 दीये प्रज्वलित कर ‘शिव ज्योति अर्पणम’कार्यक्रम की शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- ‘शिव ज्योति अर्पणम’कार्यक्रम में रामघाट पर दीप प्रज्वलन का कार्य प्रारंभ हुआ। उज्जैन की जनता ने रामघाट, दत्त अखाड़ा, नृसिंह घाट, गुरुनानक घाट, सुनहरी घाट पर एकसाथ 11 लाख 71 हज़ार 78 दीये जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में उज्जैन का नाम दर्ज कर दिया।
- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि निश्चल बारोट ने मुख्यमंत्री को इसका प्रमाण पत्र सौंपा।
- उल्लेखनीय है कि उज्जैन ने विगत नवंबर में अयोध्या में बनाए गए 9 लाख 41 हज़ार के दीप प्रज्वलन के रिकॉर्ड को तोड़कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नया रिकॉर्ड दर्ज किया।
- मुख्यमंत्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन नगर का जन्म-दिवस गुड़ी पड़वा (वर्ष प्रतिपदा) पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न केवल अवंतिका बल्कि प्रदेश के हर गाँव, हर शहर का अपना जन्म-दिवस मनेगा।

---

## प्रदेश में इज़रायल के सहयोग से बनेंगे कृषि उत्कृष्टता केंद्र

### चर्चा में क्यों ?

- 3 मार्च, 2022 को इज़राइल के काउंसलेट जनरल कोबी शोशानी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के दौरान बताया कि इज़राइल का भारत में 29 कृषि उत्कृष्टता केंद्रों में से दो केंद्र मध्य प्रदेश में स्थापित करने का प्रस्ताव है।

### प्रमुख बिंदु

- प्रस्तावित केंद्रों में छिंदवाड़ा में संतरा उत्पादन और मुरैना में सब्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा।
- वर्तमान में मध्य प्रदेश में मालनपुर और मंडीदीप में इज़राइल की कंपनियों के कुछ प्रतिष्ठान कार्यरत् हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि इज़राइल द्वारा प्राप्त सुझाव पर विचार कर अमल किया जाएगा। मध्य प्रदेश में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को भी इज़राइली कंपनियों के सहयोग से बढ़ावा दिया जाएगा।
- सिंचाई क्षेत्र में भारत और इज़राइल द्वारा मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल में जल परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। विशेषरूप से दोनों देश जल प्रबंधन के अन्य संभावित क्षेत्रों में सहयोग के लिये तत्पर हैं।
- इज़राइल में एक पखवाड़े के विशेषण पाठ्यक्रम में मध्य प्रदेश के कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी लाभान्वित किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के क्रियान्वयन से बुंदेलखंड क्षेत्र का कायाकल्प होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘पर ड्रॉप मोर क्रॉप’के सिद्धांत और इज़राइल की कृषि शैली से मध्य प्रदेश प्रेरित है।

---

## सौर ऊर्जा पार्क की स्थापना की स्वीकृति

### चर्चा में क्यों ?

- 3 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की सौर ऊर्जा पार्क योजना में अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क्स (UMREPPS) मोड में स्वीकृत ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर पार्क (600 मेगावाट) और छतरपुर सौर ऊर्जा पार्क (950 मेगावाट) को विकसित किये जाने की स्वीकृति दी गई।

### प्रमुख बिंदु

- इन पार्क के विकास के लिये रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (RUMSL) सौर पार्क परियोजना विकासक (SPPD) होगा।
- ओंकारेश्वर जलाशय पर प्रस्तावित 600 मेगावाट क्षमता की फ्लोटिंग सौर परियोजना वर्तमान परिदृश्य में विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना है।
- यह परियोजना एक बहुउद्देशीय परियोजना के रूप में विकसित की जाएगी, जिसमें पर्यटन, कृषि और उद्योग हेतु उपयोगी भूमि संरक्षण, जल संरक्षण आदि उद्देश्यों की भी पूर्ति संभव होगी।
- सौर परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत का क्रय मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (MPPMCL) द्वारा राज्य की सौर RPO की आपूर्ति और राज्य के उपयोग के लिये किया जाएगा। शेष विद्युत का क्रय अन्य सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा राज्य म् या राज्य के बाहर उपयोग के लिये किया जाएगा।
- उपरोक्त परियोजनाएँ प्रदेश को सस्ती पर्यावरण मित्र बिजली के साथ नवीकरणीय ऊर्जा आबंध की पूर्ति में भी सहायक सिद्ध होंगी।
- प्रदेश में वर्तमान में कुल 2380 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित हैं और लगभग 5000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएँ स्थापनाधीन हैं।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 सम्मेलन में देश के लिये वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (पाँच लाख मेगावाट) की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

## गौहर महल में 14 दिवसीय हैंडलूम एक्स-पो का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

- 3 मार्च, 2022 को अर्बन हाट गौहर महल में आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत 14 दिवसीय हैंडलूम एक्स-पो का शुभारंभ पद्मश्री भूरीबाई द्वारा किया गया। एक्स-पो 15 मार्च, 2022 तक चलेगा।

### प्रमुख बिंदु

- संत रविदास मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लि. भोपाल द्वारा केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से इस स्पेशल हैंडलूम एक्स-पो का आयोजन अर्बन हाट गौहर महल में किया जा रहा है।
- खादी एवं ग्रामोद्योग की प्रबंध संचालक अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि एक्स-पो में मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात के बुनकरों के गुणवत्तायुक्त एवं विविध हैंडलूम उत्पाद एक साथ एक ही छत के नीचे रियायती दरों पर उपलब्ध हैं।
- अर्बन हाट गौहर महल परिसर में 35 स्थायी उपलब्ध दुकानों के साथ 25 अस्थायी दुकानों का अतिरिक्त निर्माण किया गया है। इस प्रकार 60 दुकानों में विभिन्न राज्यों के बुनकर हैंडलूम वस्त्र विक्रय के लिये उपलब्ध हैं।
- इस 14 दिवसीय हैंडलूम एक्स-पो में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। एक्स-पो में ग्राहकों के लिये प्रवेश एवं पार्किंग व्यवस्था नि:शुल्क की गई है।

नोट :

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ट्रेड प्रमोशन काउंसिल गठित

### चर्चा में क्यों ?

- 4 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रदेश के आर्थिक विकास के दृष्टिगत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ाने, निर्यात को प्रोत्साहन देने और रोज़गार सृजन के संबंध में नीति-निर्धारण के लिये 'मध्य प्रदेश ट्रेड प्रमोशन काउंसिल' का गठन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- ट्रेड प्रमोशन काउंसिल मुख्यरूप से कार्य समिति द्वारा प्रस्तुत एजेंडा पर अनुमोदन और स्वीकृति प्रदान करेगी। यह काउंसिल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुसार चयनित उत्पादों की गुणवत्ता वृद्धि और वेल्यू एडीशन के संबंध में भी नीति-निर्धारण करेगी।
- काउंसिल में वित्त सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, वन, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, परिवहन, पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, कृषि, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास और श्रम विभाग के मंत्रीगण सदस्य होंगे।
- मध्य प्रदेश राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष और मुख्य सचिव, कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्युटिकल, टेक्सटाइल एवं गारमेंट, ऑटो मोबाइल एवं इंजीनियरिंग और आईटी आदि सेक्टर की राज्यस्तरीय संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं राज्य निर्यात आयुक्त (प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी) भी काउंसिल में सदस्य बनाए गए हैं।
- प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन काउंसिल के सदस्य सचिव होंगे।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय सतर्कता मॉनिटरिंग समिति का गठन

### चर्चा में क्यों ?

- 3 मार्च, 2022 को राज्य शासन ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम के तहत 21 अगस्त, 2019 को गठित राज्यस्तरीय सतर्कता मॉनिटरिंग समिति को तत्कालप्रभाव से निरस्त कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई समिति का गठन किया है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित नई समिति में मंत्री, सांसद, विधायक और संबंधित अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। प्रमुख सचिव अनुसूचित जाति कल्याण को संयोजक सदस्य सचिव बनाया गया है।
- अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी समिति की अधिसूचना के अनुसार समिति में गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि और विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनुसूचित जाति कल्याण एवं जनजातीय कार्य मंत्री मीना सिंह तथा 3 सांसद- गजेंद्र सिंह पटेल, हिमाद्री सिंह तथा महेंद्र सिंह सोलंकी को सदस्य नामांकित किया गया है।
- इसी प्रकार 9 विधायकों- कुंवर सिंह टेकाम, सुलोचना रावत, राम दांगोरे, मनीषा सिंह, हरिशंकर खटीक, रघुनाथ मालवीय, डॉ. योगेश पंडाग्रे, गोपीलाल जाटव और राजेश प्रजापति तथा मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक और निदेशक/उप निदेशक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग को सदस्य नामांकित किया गया है।

## एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप में प्रज्ञा सिंह ने जीता रजत पदक

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में मध्य प्रदेश राज्य फेंसिंग अकादमी की तलवारबाज़ प्रज्ञा सिंह ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया है।

### प्रमुख बिंदु

- एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 24 फरवरी से 3 मार्च, 2022 तक किया गया था।
- प्रज्ञा सिंह ने यह सफलता फेंसिंग की ईपी इवेंट में हासिल की है। उन्होंने फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी के साथ खेलते हुए 45-36 के स्कोर पर रजत पदक हासिल किया।
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में प्रज्ञा सिंह सीनियर ग्रांपी-2022 में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं।

## एमपीटी सदर्न स्पाइसेज़ का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 6 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने होटल पलाश रेजिडेंसी में 'एमपीटी सदर्न स्पाइसेज़' (MPT Southern Spices) का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि पर्यटन निगम के इस नवाचार से भीमबेटका, साँची और भोपाल आने वाले पर्यटकों और आमजन को दक्षिण भारतीय व्यंजनों का ऑथेंटिक स्वाद मिलेगा, साथ ही निगम के व्यवसाय में भी वृद्धि होगी।
- कैफेटेरिया की सफलता पर इसे निगम के अन्य होटलों में भी संचालित किया जाएगा।
- प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम एस. विश्वनाथन ने बताया कि कैफेटेरिया को दक्षिण भारतीय व्यंजनों के लिये विशेष रूप से नवीनीकृत कर दक्षिण भारत के अनुरूप थीम रखी गई है।
- कैफटेरिया में साउथ इंडियन व्यंजनों को विशेष रूप से तैयार करने के लिये सभी अत्याधुनिक और उपयोगी किचन उपकरण भी स्थापित किये गए हैं। लगभग 1200 वर्ग फीट में तैयार 'एमपीटी सदर्न स्पाइसेज़' की क्षमता 40 व्यक्तियों की है। अतिथियों की संख्या में वृद्धि होने पर क्षमता में वृद्धि की जा सकती है।
- 'एमपीटी सदर्न स्पाइसेज़' का मुख्य आकर्षण साउथ इंडियन थाली है, जो वेज और नॉनवेज दोनों ही मीनू में उपलब्ध है। साथ ही आने वाले पर्यटक और आमजन को अप्पम, पूटे, इडियप्पम, केरला परोठा, परूप्पू वाडा, पोडी इडली, वडाई, बनाना बज्जी, मिर्ची बज्जी और दक्षिण भारत की पायसम खीर का लजीज स्वाद भी मिलेगा।

## बुधनी बनेगा देश का पहला वाटर प्लस और अद्भुत शहर

### चर्चा में क्यों?

- 6 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर ज़िले के बुधनी शहर के गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करते हुए कहा कि बुधनी को देश का पहला वाटर प्लस और अद्भुत शहर बनाया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर देश का पहला वाटर प्लस महानगर बन चुका है। बुधनी को भी देश के छोटे शहरों की श्रेणी में पहला वाटर प्लस शहर बनाया जाएगा। बुधनी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ यहाँ स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा और रोज़गार के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य किये जाएंगे।
- इससे पहले मुख्यमंत्री ने बुधनी में 44 करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से बने सीवरेज सिस्टम का लोकार्पण और 59 करोड़ के निर्माण और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।
- उन्होंने बुधनी के जर्रापुर में निजी क्षेत्र की 'विहान फूड इंडस्ट्री' का भूमि-पूजन किया। कृषि आधारित इस उद्योग से क्षेत्र के किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे और रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। फूड इंडस्ट्री से 900 लोगों को रोज़गार मिलेगा।

- मुख्यमंत्री ने नगर के विकास में भागीदार बनने वाले नागरिकों, व्यवसायियों और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया, साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में हितलाभ भी वितरित किये।
- मुख्यमंत्री ने अगले वर्ष से बुधनी के गौरव दिवस पर 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने, बुधनी के खिलौना व्यवसाय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा बुधनी में सीएम राइज स्कूल खोलने की घोषणा भी की।
- उन्होंने कहा कि एक माह में सभी घरों के निस्तारी पानी को सीवरेज प्लांट से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि खुले में शौच, सड़क पर कचरा फेंकने और पॉलीथिन के उपयोग आदि को छोड़ने का संकल्प लें।

## 'मिलावट से मुक्ति अभियान' के तहत दूध टेस्टिंग की सुविधा

### चर्चा में क्यों ?

- 6 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म-दिवस पर एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदेश में 1600 साँची मिल्क पार्लर पर 'मिलावट से मुक्ति अभियान' में दूध टेस्टिंग की सुविधा का शुभारंभ किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- दूध में मिलावट की जाँच के लिये सभी साँची पार्लर्स पर टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई गई है। टेस्टिंग किट में यूरिया, डिटर्जेंट/साबुन, माल्टोज़, ग्लूकोज़, सुक्रोज़ की जाँच करने की स्ट्रिप उपलब्ध कराई गई है, जिससे उपभोक्ता तुरंत ही दूध में मिलावट की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने 11 नवंबर, 2020 को राजधानी भोपाल से प्रदेश में 'मिलावट से मुक्ति अभियान' की शुरुआत की थी।
- इस अभियान के तहत वर्तमान में 15 चलित प्रयोगशालाएँ चलाई जा रही हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने 8 फरवरी, 2022 को छिंदवाड़ा, नीमच और भिंड के लिये तीन नई चलित प्रयोगशालाओं की सौगात दी थी।
- इन चलित प्रयोगशालाओं में नागरिक 10 रुपए के शुल्क में आसानी से खाद्य पदार्थों की जाँच करा सकते हैं।

## एशियन सेलिंग चैंपियनशिप में रितिका-नेहा ने जीते मेडल

### चर्चा में क्यों ?

- 27 फरवरी से 6 मार्च, 2022 तक अबूधाबी में आयोजित एशियन सेलिंग चैंपियनशिप में एमपी स्टेट सेलिंग एकेडमी की खिलाड़ी रितिका डांगी और नेहा ठाकुर ने क्रमशः स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता।

### प्रमुख बिंदु

- रितिका डांगी ने ILCA-4 (लेजर 4.7 क्लास बोट) स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता, वहीं नेहा ठाकुर ने इस स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया।
- इसके साथ ही भारतीय नौकायन टीम ने एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई कर लिया है।
- रितिका डांगी गाँव ताजपुरा, नरसिंहगढ़ तहसील, ज़िला राजगढ़ की रहने वाली हैं, वहीं नेहा ठाकुर देवास ज़िले के हाटपिपलिया तहसील के अमलताज गाँव की रहने वाली हैं।
- एमपी स्टेट सेलिंग एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन और विश्वामित्र अवार्डी जीएल यादव ने बताया कि रितिका और नेहा दोनों ही एशियाई खेलों में पदक की प्रबल दावेदार हैं। अब तक हुए तीन ट्रायल में से दो में दोनों खिलाड़ी पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

## महिला उद्यमिता पर वर्चुअल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रबंधन संकाय द्वारा में महिला उद्यमिता परिवर्तन, शुरुआत और वैश्विक क्षमता पर वर्चुअल माध्यम से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ई-सम्मेलन का आयोजन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ई-सम्मेलन में देश-विदेश के प्रख्यात वक्ताओं ने अपने व्याख्यान दिये।
- इस सम्मेलन का आयोजन वुमन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (WCCI), एमपी कोचिंग काउंसिल, एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (EDII) और अटल इनक्यूबेशन सेंटर (AIC-RNTU) के तत्त्वावधान में किया गया।
- इस अंतर्राष्ट्रीय ई-सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में शिक्षाविद्, शोधकर्ता, छात्र और उद्योग जगत के पेशेवर शामिल हुए। ई-सम्मेलन के अंतिम दिन 'सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र' की भी घोषणा की गई।
- सम्मेलन में शामिल शोध-पत्रों को आईएसबीएन पुस्तक के रूप में लाया जाएगा।

---

## टाइम्स पैशन ट्राइबल ट्रेल एवं ताज ट्राइबल फूड फेस्टिवल

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने मध्य प्रदेश पर्यटन, टाइम्स ऑफ इंडिया और ताज ग्रुप द्वारा आयोजित टाइम्स पैशन ट्राइबल ट्रेल एवं ताज ट्राइबल फूड फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह ने कहा कि जनजातीय समाज के शिल्प, कला और खाद्य पदार्थों की उचित विपणन व्यवस्था के प्रयास की दिशा में यह आयोजन एक सार्थक पहल है।
- ताज ग्रुप की जनरल मैनेजर कनिका हसरत ने बताया कि जनजातीय समाज के रहन-सहन और खान-पान का गहन अध्ययन, शोध और प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का परिणाम इस फूड फेस्टिवल का आयोजन है।
- इस अवसर पर लोक कलाकार पँद्म विभूषण से सम्मानित छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई द्वारा अपने विशिष्ट वेग और संप्रेषण के द्वारा महाभारत के दु:शासन वध के प्रसंग को प्रस्तुत किया गया।
- समारोह में अनूपपुर की ज़िलाधिकारी सोनिया मीणा ने राज्यपाल मंगूभाई पटेल को 'अनूपपुर फूड कल्चर एवं टूरिज़्म' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट की।

---

## कौशल विकास, सीमेंस इंडिया और जीआईज़ेड इंडिया के मध्य हुआ त्रिपक्षीय एमओयू

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण योजना (STRIVE) में इंडो-जर्मन इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम (IGNITE) के लिये मध्य प्रदेश कौशल विकास, सीमेंस इंडिया एवं जीआईज़ेड (GIZ) इंडिया के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू संपादित किया गया।।

### प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश कौशल विकास के संचालक जितेंद्र सिंह राजे, सीमेंस इंडिया के धर्मवीर सिंह एवं जीआईज़ेड इंडिया की उषा गणेश ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

नोट :

- संचालक जितेंद्र सिंह ने बताया कि इंडो-जर्मन इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम (IGNITE) का उद्देश्य जर्मन डूअल व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण मॉडल के आधार पर भारत में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण के लिये रूपरेखा की स्थिति निर्मित करना है।
- उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के चार इंडस्ट्री क्लस्टर एवं संबंधित 34 शासकीय आईटीआई को आईजीएनआईटीई प्रोग्राम के लिये चयन किया गया है। इसमें ग्वालियर-शिवपुरी इंडस्ट्री क्लस्टर में 7 शासकीय आईटीआई तथा जबलपुर-कटनी क्लस्टर, सागर-दमोह क्लस्टर एवं रीवा-सतना इंडस्ट्री क्लस्टर में 9-9 शासकीय आईटीआई का चयन किया गया है।
- इस एमओयू के तहत सीमेंस इंडिया और जीआईज़ेड. (GIZ) के विशेषज्ञों द्वारा आईटीआई के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी, ट्रेड के प्रशिक्षण अधिकारियों की क्षमता निर्माण एवं आईटीआई के 5 ट्रेड इलेक्ट्रिशन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट और इलेक्ट्रानिक्स मेकैनिक के ट्रेनीज़ को इंडस्ट्री क्लस्टर में 'इन प्लांट ट्रेनिंग' और 'ग्रीन स्किल्स' में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मिली कई सौगातें

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्य प्रदेश के महिला-बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक, शारीरिक और मानसिक उत्थान के लिये विभिन्न कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### प्रमुख बिंदु

- महिला-बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को बैंकों से होने वाली प्रक्रियागत परेशानी को ध्यान में रखते हुए, धनाभाव को दूर करने के लिये पंजाब नेशलन बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से ऋण उपलब्ध कराने की विशेष योजना की शुरुआत की गई। इसके तहत प्रदेश के लगभग 7136 महिला समूहों को 180 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया।
- विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं के लिये अपराजिता मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई। इसमें प्रत्येक ज़िले की 150 किशोरी बालिकाओं को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो एवं कुश्ती में 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- महिला-बाल विकास विभाग के महिला मैदानी अमले के स्वास्थ्य और पोषण स्तर के परीक्षण एवं उपचार के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी प्रारंभ किया गया है।
- अपर मुख्य सचिव अशोक शाह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्व-सहायता समूहों के हितग्राहियों को बैंक के सहयोग से 8 ऑटो और एक ई-रिक्शा की प्रतीकात्मक चाबी का वितरण किया।
- संचालक महिला-बाल विकास डॉ. राम राव भोसले ने बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग 41 लाख से ज्यादा बच्चों को 'लाडली लक्ष्मी योजना' का लाभ मिला है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि जो पंचायत बेटियों के जन्म का उत्सव मनाएगी उसे 'लाडली फ्रेंडली' घोषित किया जाएगा।

## पन्ना टाइगर रिज़र्व में हुई गिद्धों की जीपीएस टैगिंग

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को पन्ना टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र संचालक उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पन्ना टाइगर रिज़र्व में गिद्धों के व्यवहार और रहवास के मामले में प्रामाणिक जानकारी जुटाने में देश में पहली बार अनूठी पहल हुई है। यहाँ गिद्धों को पकड़कर जीपीएस टैगिंग की जा रही है।

### प्रमुख बिंदु

- पन्ना टाइगर रिज़र्व में गिद्धों पर जीपीएस टैगिंग का कार्य पन्ना टाइगर रिज़र्व और भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून के शोधकर्त्ता की टीम द्वारा 2020-21 एवं 2021-22 में सर्दियों के दौरान किया गया।

- पन्ना टाइगर रिज़र्व में उपलब्ध 25 गिद्धों को सौर ऊर्जा चलित जीपीएस उपकरणों से टैग किया गया है। इसमें 3D त्वरण सेंसर शामिल हैं। जीपीएस टैग डेटा उपग्रह के माध्यम से ट्रैक किया जा रहा है।
- गिद्ध टेलीमेट्री परियोजना की यह बड़ी उपलब्धि है। गिद्ध टैगिंग भारत के ओल्ड वर्ल्ड गिद्धों के विलुप्त होने से रोकने और संरक्षण की सुनियोजित पहल है।
- इस अनूठी पहल से अब तक 14 गिद्ध प्रजातियों को 24 देशों में टैग कर अध्ययन किया गया है। इसमें कोई भी भारत से नहीं है। भारत में गिद्धों की 9 प्रजातियाँ हैं। गिद्ध प्रजाति के संरक्षण में प्रदेश को अच्छे परिणाम मिले हैं। वर्ष 2021 में गिद्धों की संख्या बढ़कर 9446 हो गई है।
- भारत में उपलब्ध गिद्धों की 9 प्रजातियों में से 3 प्रजाति संकटग्रस्त है। इनमें से 7 प्रजाति पन्ना टाइगर रिज़र्व में उपलब्ध हैं। इनमें ह्हिमालयन ग्रिफॉन, यूरेशियन ग्रिफॉन और सिनरस जैसी प्रवासी प्रजातियाँ और भारतीय लंबी चोंच वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला राज गिद्ध और इजिप्सियन गिद्ध जैसी प्रवासी प्रजातियाँ शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दशकों में गिद्धों की संख्या में भारी कमी आई है। गिद्धों के संरक्षण के प्रयास देश भर में तकरीबन 10-12 वर्ष पहले से शुरू हुए और टेलीमेट्री आधारित परियोजना इस दिशा में सार्थक कदम है।
- जीपीएस टैगिंग के माध्यम से गिद्धों के आने-जाने, प्रवास के मार्ग की जानकारी और रहवास आदि की महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलती है। इससे गिद्धों का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा।
- इस व्यवस्था में जीपीएस टैगिंग के साथ गिद्धों के स्वास्थ्य परीक्षण में खून के नमूने लिये गए हैं। इससे गिद्धों के स्वास्थ्य का स्टेटस पता चल सकेगा। गिद्धों की यह जानकारियाँ भविष्य में गिद्धों के प्रबंधन की नीतियाँ बनाने में अहम साबित होंगी।

## प्रदेश में महिला सशक्तीकरण के लिये 4 महत्त्वपूर्ण निर्णय

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास में आयोजित महिला सशक्तीकरण-क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण के लिये 4 महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ कीं।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में महिला वित्त विकास निगम का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, 100 करोड़ रुपए की लागत से मुख्यमंत्री नारी सम्मान कोष स्थापित होगा, मुख्यमंत्री महिला उद्यम शक्ति योजना शुरू की जाएगी तथा इंदौर एवं भोपाल में महिला उद्यम प्रोत्साहन के लिये इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री महिला उद्यम शक्ति योजना से महिलाओं को अपना उद्यम शुरू करने में सहायता मिलेगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी।
- महिलाओ के उद्यम को प्रोत्साहित करने के लिये इंदौर एवं भोपाल में बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क केवल महिलाओं के लिये होंगे।
- मुख्यमंत्री चौहान एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडन्न ने महिला स्व-सहायता समूहों को पोषण आहार संयंत्र की चाबी सौंपी तथा उन्हें बैंक लिंकेज के माध्यम से 300 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया।
- इसके साथ ही जल जीवन मिशन में कार्य करने के लिये महिलाओं को टूलकिट प्रदान किये गए। महिलाओं के संकुल स्तरीय संगठनों को पुरस्कृत किया गया तथा स्व-सहायता समूह की सफलता की कहानियों की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

## मध्य प्रदेश की जोधैया बाई बैगा 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में असाधारण कार्य करने वाली मध्य प्रदेश की जोधैया बाई बैगा को 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति ने 29 महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान किया। वर्ष 2020 और 2021 के लिये 14-14 पुरस्कार दिये गए तथा एक पुरस्कार संयुक्त रूप से दो महिलाओं को प्रदान किया गया।
- ये पुरस्कार उद्यमशीलता, कृषि, नवाचार, सामाजिक कार्य, कला, दस्तकारी, वन्यजीव संरक्षण, भाषा विज्ञान, मर्चेंट नेवी, शिक्षा, साहित्य, स्टेम (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) और दिव्यांगजन अधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को दिये गए।
- आदिवासी बैगा कला को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिये मध्य प्रदेश की जोधैया बाई बैगा को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जनजातीय संस्कृति को कैनवास पर चित्रित करने वाली जोधैया बाई बैगा के काम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इटली और फ्राँस में प्रदर्शित किया जा चुका है।
- उल्लेखनीय है कि कमज़ोर और हाशिये पर रहने वाली महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में असाधारण और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को हर वर्ष नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कोरोना महामारी के कारण 2020 का नारी शत्ति पुरस्कार समारोह आयोजित नहीं हो पाया था।

## महिला मेट सम्मान उत्सव

### चर्चा में क्यों?

- 9 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के परिप्रेक्ष्य में महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्यरत महिला मेट सम्मान उत्सव का आयोजन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- सम्मान उत्सव में 75 ऐसी महिला मेट को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। कार्यक्रम में उन्हें प्रमाण-पत्र वितरित किये गए।
- इस कार्यक्रम का आयोजन 'प्रदान' संस्था के सहयोग से किया गया।
- इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त सूफिया फारूकी वली ने कहा कि मनरेगा योजना की शुरुआत में मात्र पुरुषों को ही मेट के रूप में रोज़गार दिया गया, किंतु अब महिलाओं को भी मेट के रूप में कार्य दिया जा रहा है।
- महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत महिलाओं की सहभागिता और हकदारी बढ़ाए जाने के लिये प्रदेश में महिला मेट का चयन कर योजना में काम दिया जा रहा है।
- मेट के रूप में महिलाओं का मुख्य दायित्व श्रमिकों से रोज़गार की मांग, कार्य पर उपस्थिति एवं समय पर मज़दूरी के भुगतान में सहयोग करना है।
- इन महिलाओं को अर्द्धकुशल श्रमिकों के लिये लागू दर के अनुसार भुगतान किया जाता है।

## आईटीएफ टेनिस टूर्नामेंट का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 8 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने भोपाल के अरेरा क्लब में आईटीएफ मेन्स वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट का रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस टूर्नामेंट में कुल 6 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें फ्राँस के 2, ग्रेट ब्रिटेन के 2 तथा जर्मनी, पोलैंड, जापान और चेकोस्लोवाकिया के एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।
- इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को 15 हज़ार डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट का आयोजन लगातार 6 वर्षों से किया जा रहा है जिसमें दुनिया के प्रतिष्ठित टेनिस खिलाड़ी भाग लेते हैं।

## दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के द्वितीय चरण में 26 फरवरी, 2021 से अभी तक एक करोड़ भोजन थाली का वितरण किया जा चुका है।

### प्रमुख बिंदु

- मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान 12 अप्रैल से 27 जून, 2021 तक लागू लॉकडाउन में 27 लाख 19 हज़ार लोगों को रसोई केंद्रों से भोजन कराया गया। रसोई केंद्रों से भोजन का वितरण सतत् जारी है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य के गरीब एवं ज़रूरतमंद व्यक्तियों को सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 फरवरी, 2021 को दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना (द्वितीय चरण) प्रारंभ की गई थी। इसमें प्रदेश के 52 ज़िला मुख्यालयों एवं 6 धार्मिक नगरी- मैहर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, अमरकंटक, ओरछा और चित्रकूट में 100 रसोई केंद्रों का संचालन आरंभ किया गया है।
- रसोई केंद्र में जन-सामान्य को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन के रूप में रोटी, मौसमी सब्ज़ी, दाल एवं चावल उपलब्ध कराया जाता है। रसोई केंद्रों में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दोपहर के भोजन की व्यवस्था 10 रुपए प्रति थाली की दर से सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जा रही है।
- रसोई केंद्रों में उपयोग में आने वाले खाद्यान्न गेहूँ एवं चावल एक रुपए प्रति किग्रा. की दर से उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से खाद्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

## वेस्ट से वंडर मंत्र में तैयार हुआ सेल्फी प्वाइंट

### चर्चा में क्यों ?

- 8 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राजधानी भोपाल के प्रभात चौराहे पर 'वेस्ट से वंडर' के तहत बने 20 फीट ऊँचे सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण किया।

### प्रमुख बिंदु

- कोरोना वैक्सीन और सिरिंज की आकृति वाली इस सेल्फी प्वाइंट में ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग किया गया है, जो कबाड़ हो चुकी थीं। भोपाल नगर निगम द्वारा इस सेल्फी प्वाइंट को लगभग 30 हज़ार वेस्ट बोतल और करीब 3 टन कबाड़ से तैयार किया गया है।
- यह सेल्फी प्वाइंट जनजागरूकता का संदेश देते हुए लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिये प्रेरित करेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी देगा।
- मंत्री सारंग ने कहा कि सेल्फी प्वाइंट यह संदेश देगा कि वैक्सीन से ही सुरक्षा है, जो व्यक्ति एलिजिबल है वह टीका ज़रूर लगवाए।

## 32वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट राष्ट्रीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

- 10 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के छोटे तालाब पर 32वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट, 15वीं पैरा कैनो तथा प्रथम स्टैंडअप पैडलिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2021-22 का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर आईपीएस अधिकारी रहे स्व. संजीव कुमार सिंह की स्मृति में किया जा रहा है। यह पहला मौका है, जब यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता किसी व्यक्तिविशेष के नाम से आयोजित हो रही है।

नोट :

- भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग के सचिव ने बताया कि सीनियर आईपीएस अधिकारी रहे स्व. संजीव कुमार का खेलों में विशेष योगदान रहा है, इसलिये यह प्रतियोगिता उनके नाम से आयोजित की जा रही है।
- 10 से 13 मार्च तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 27 राज्यों के लगभग 750 खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे हैं। मेज़बान मध्य प्रदेश के 47 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। कुल 285 पदक के लिये प्रतिस्पर्धाएँ होंगी।
- इस अवसर पर 15वीं पैरा कैनो तथा प्रथम स्टैंडअप पैडलिंग चैंपियनशिप का भी आयोजन हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर भारतीय टीम का भी चयन होना है, जो बीजिंग एशियन गेम में भाग लेगी।

## प्रदेश के पहले ड्रोन स्कूल का उद्‌घाटन

### चर्चा में क्यों?

- 10 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर के एमआईटीएस मैदान में रिमोट के ज़रिये ड्रोन उड़ाकर प्रदेश के पहले ड्रोन स्कूल का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि गत 11 दिसंबर को प्रदेश में पाँच ड्रोन स्कूल खोलने की घोषणा की गई थी, जिनमें से पहले स्कूल का ग्वालियर में शुभारंभ किया गया है।
- केंद्रीय नागरिक उडन्यन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इस ड्रोन स्कूल में हर माह 40 से 50 बच्चों को ड्रोन तकनीक में प्रशिक्षित किया जाएगा। ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त युवा हर माह औसतन 30 हजार रुपए की आय अर्जित कर पाएंगे।
- उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के पाँचों ड्रोन स्कूल शुरू होने पर साल भर में लगभग ढाई हज़ार (प्रति स्कूल 500) ड्रोन पायलट तैयार होंगे।
- मध्य प्रदेश वर्तमान में ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल में देश भर के अग्रणी राज्यों में से एक है।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि देश में कृषि के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। निकट भविष्य में इस तकनीक के इस्तेमाल से क्रांतिकारी प्रगति सामने आएगी।
- उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कृषि विभाग ने ड्रोन नीति जारी कर दी है, जिसमें 12वीं पास बच्चे 4 लाख रुपए तक का अनुदान प्राप्त कर ड्रोन पायलट के रूप में अच्छा रोज़गार पा सकते हैं।
- इसी तरह यदि कृषि स्नातक ड्रोन तकनीक की कोई इकाई स्थापित करना चाहते हैं तो वह 5 लाख रुपए तक का अनुदान पा सकते हैं। इसके अलावा संस्थान भी कृषि ड्रोन नीति में 100 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त कर सकते हैं।
- तोमर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मकान का मालिकाना हक दिलाने में ड्रोन तकनीक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी तरह टिड्डी दल के आक्रमण को असफल करने में ड्रोन तकनीक क्रांतिकारी साबित हुई है।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 1652 वन्य-प्राणी

### चर्चा में क्यों?

- 11 मार्च, 2022 को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ज़ू, भोपाल के संचालक एच.सी. गुप्ता ने बताया कि वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ज़ू में स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले और बाड़ों में रखे गए शाकाहारी वन्य-प्राणियों की संख्या 1652 है।

### प्रमुख बिंदु

- संचालक ने बताया कि इस साल 24, 25 और 26 फरवरी को की गई गणना में स्वतंत्र विचरण करने वाले 1516 वन्य-प्राणी पाए गए। इनमें 522 चीतल, 362 सांभर, 81 नीलगाय, 90 जंगली सूअर, 257 मोर, 51 सियार, 60 लंगूर, 71 काले हिरण, 3 चौसिंगा, 3 सेही, 11 बारहसिंगा, 3 जंगली बिल्ली और एक-एक चिंकारा एवं पेगोलिन शामिल हैं।

- पिछले 3 वर्ष में चीतल, जंगली सूअर, मोर, लंगूर, बारहसिंगा, घड़ियाल और पहाड़ी कछुओं आदि की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष अब तक 38 चीतल गांधी सागर, मंदसौर और सिवनी अभयारण्य स्थानांतरित किये गए हैं।
- उद्यान में 3 सिंह, 13 बाघ, 1 सफेद बाघ, 10 तेंदुआ, 20 भालू, 1 हायना, 13 मगर, 2 गौर (वायसन), 28 पहाड़ी कछुआ, 33 जलीय कछुआ और 6 घड़ियाल पाए गए हैं। 6 वन्य-प्राणी क्वारेंटाइन सेंटर में गए गये हैं। इनमें 1 तेंदुआ और 5 अफ्रीकन कछुआ (कोर्ट केस) शामिल हैं।

## राष्ट्रीय युवा संसद में भोपाल की रागेश्वरी अंजना को मिला प्रथम स्थान

### चर्चा में क्यों?

- 11 मार्च, 2022 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) के तीसरे संस्करण के समापन समारोह में संस्करण के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। इनमें भोपाल की रागेश्वरी अंजना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### प्रमुख बिंदु

- प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय युवा संसद, युवाओं को संसदीय प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से परिचित कराने के लिये एक अभिनव कार्यक्रम है।
- राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2022 में राजस्थान के डूंगरपुर के सिद्धार्थ जोशी ने द्वितीय और बठिंडा की अमरप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- राष्ट्रीय युवा संसद में रागेश्वरी ने 'राष्ट्र निर्माण में देशभक्ति की भावना का महत्त्व' विषय पर अपने विचार रखे। रागेश्वरी बीयूआईटी, भोपाल की छात्रा हैं, वे एनएसएस कैडेट कोर की सदस्य भी हैं।
- एनवाईपीएफ का आयोजन उन युवाओं के विचार जानने के लिये किया जाता है, जो आने वाले वर्षों में सार्वजनिक सेवाओं सहित विभिन्न करियर में शामिल होंगे।
- एनवाईपीएफ का पहला संस्करण 12 जनवरी से 27 फरवरी, 2019 तक तथा दूसरा संस्करण 23 दिसंबर, 2020 से 12 जनवरी, 2022 तक आयोजित किया गया था।
- एनवाईपीएफ का तीसरा संस्करण 14 फरवरी, 2022 को ज़िला स्तर पर वर्चुअल माध्यम से शुरू किया गया था। 23 से 27 फरवरी, 2022 तक देश भर के 2.44 लाख से अधिक युवाओं ने ज़िला युवा संसदों के बाद राज्य युवा संसदों में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।
- शीर्ष तीन राष्ट्रीय विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार (क्रमश: 2,00,000 रुपए, 150,000 रुपए तथा 100,000 रुपए) प्रदान किया गया तथा 2 प्रतिभागियों को 50,000 रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## मध्य प्रदेश में 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म करमुक्त

### चर्चा में क्यों?

- 13 मार्च, 2022 को राज्य शासन ने हिन्दी फीचर फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के कथानक एवं अन्य विशेष समाज उपयोगी गुणों के दृष्टिगत इसे मध्य प्रदेश में प्रदर्शन के लिये राज्य माल और सेवा कर से छूट प्रदान की है।

### प्रमुख बिंदु

- वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी आदेश में यह छूट 14 मार्च से 13 सितंबर तक के लिये दी गई है। दर्शकों के लिये यह छूट सिंगल स्क्रीन थियेटर्स और मल्टीप्लेक्स सहित सभी जगह फिल्म प्रदर्शन पर लागू रहेगी।
- गौरतलब है कि 11 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को हरियाणा ने पहले ही टैक्स फ्री कर दिया है। मध्य प्रदेश के साथ ही गुजरात ने भी इस फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है।

नोट :

- केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के सदस्य रहे विवेक रंजन अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित इस फिल्म पर दी गई छूट में प्रतिपूर्ति का लाभ लेने के लिये संबंधित सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स द्वारा राज्य माल सेवा कर (एसजीएसटी) की राशि को घटाकर दर्शकों को इस फिल्म के टिकट का विक्रय किया जाएगा।
- फिल्म के प्रदर्शन के लिये संबंधित सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स के प्रचलित सामान्य प्रवेश शुल्क में वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मल्टीप्लेक्स/सिनेमाघर द्वारा इस सेवा पर देय राज्य माल एवं सेवा कर की राशि का स्वयं वहन किया जाएगा।
- देय एवं भुगतान किये गए राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के अंश के बराबर की राशि की राज्य शासन द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि 'द कश्मीर फाइल्स' में कश्मीरी हिंदुओं के दर्द, पीड़ा, संघर्ष, पलायन और आघात की कहानी बताई गई है।
- फिल्म के निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री मूलतः मध्य प्रदेश के हैं। वे अनेक वर्ष भोपाल में भी रहे हैं। उनके निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रख्यात अभिनेता अनुपम खेर सहित अन्य कलाकारों ने अभिनय किया है।

## मुख्यमंत्री ने किया इंदौर-गोंदिया-हैदराबाद फ्लाइट का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 13 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर-गोंदिया-हैदराबाद फ्लाइट का शुभारंभ किया। यह फ्लाइट फ्लाई बिग एयरलाइंस द्वारा शुरू की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- इंदौर से अहमदाबाद, गोवा, पुणे के लिये उड़ानें आरंभ हुई हैं। साथ ही भोपाल से पुणे, जबलपुर तथा ग्वालियर से अहमदाबाद, पुणे, मुंबई और जबलपुर से मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद के लिये उड़ानें शुरू की गई हैं।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक महत्त्व के स्थानों को हवाई सेवाओं तथा हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ा जाएगा।
- खजुराहो से पन्ना टाईगर रिज़र्व, जबलपुर से कान्हा, खजुराहो से ओरछा, ग्वालियर से शिवपुरी और मुरैना के ऐतिहासिक स्थलों, इंदौर से महेश्वर आदि के लिये हेलीकॉप्टर सेवा आरंभ की जाएगी।

## इंडियन टेंट टर्टल

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के विज्ञानियों के अध्ययन से मिली जानकारी के अनुसार नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन और तस्करी के चलते इसमें पाए जाने वाले इंडियन टेंट टर्टल विलुप्त होने की कगार पर हैं।

### प्रमुख बिंदु

- भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के विज्ञानियों ने बताया है कि नर्मदा-तवा नदी के संगम 'बांद्राभान' के साथ हरदा और खंडवा के आसपास के बहाव क्षेत्र से ये टर्टल्स पूरी तरह से गायब हो चुके हैं।
- प्राकृतिक स्वच्छता कर्मी कहलाने वाले ये कछुए काई और शैवाल आदि खाकर जीवित रहते हैं तथा पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते हैं।
- कछुओं पर शोध कर रहे भारतीय प्राणि सर्वेक्षण के विज्ञानी प्रत्युष महापात्रा ने बताया कि पाँच साल पहले जबलपुर से नर्मदापुरम, हरदा और खंडवा के पास नर्मदा के किनारों पर कछुए पाए गए थे, जो कि इस वर्ष जनवरी में दिखाई नहीं दिये।
- पर्यावरणविद् सुभाष सी पांडेय ने बताया कि मादा कछुआ रेत में अपने रहवास में अंडे देकर चली जाती है, जो गर्मी में सेये जाते हैं। रेत के अवैध खनन से इनके प्रजनन में व्यवधान हो रहा है।
- उन्होंने बताया कि नर्मदा में टेंट पेंगासुरआ टेंटोरिया या इंडियन टेंट टर्टल पाए जाते हैं। यह कछुओं की भारत और बांग्लादेश में पाई जाने वाली प्रजाति है।
- इनके ऊपर मंडराते खतरे को देखते हुए इन्हें शेड्यूल-वन में रखा गया है।

## मातृ एवं शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम करने हेतु टास्क फोर्स गठित

### चर्चा में क्यों ?

- 14 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश राज्य शासन द्वारा मातृ मृत्यु दर, नवजात शिशु मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण को कम करने के उद्देश्य से पूर्व में गठित टास्क फोर्स के स्थान पर नई टास्क फोर्स गठित की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- अर्थशास्त्री एवं प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद की पूर्व सदस्य प्रो. शमिका रवि नवगठित टास्क फोर्स की अध्यक्ष होंगी, जबकि अपर मुख्य सचिव (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) टास्क फोर्स के सचिव होंगे।
- टास्क फोर्स में अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास, मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रोफेसर हेड कम्युनिटी न्युट्रिशन इंटरमीडिएट फेलो, डीबीटी/वेलकम ट्रस्ट इंडिया एलायंस इंडियन आईआईपीएच दिल्ली और डॉ. रमेश अग्रवाल एम्स, नई दिल्ली को सदस्य बनाया गया है।
- अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश शर्मा को सदस्य सचिव नियक्त किया गया है।
- टास्क फोर्स मध्य प्रदेश राज्य नीति आयोग एवं योजना आयोग के साथ समन्वय कर कार्य करेगी।
- टास्क फोर्स की बैठक माह में एक बार अथवा आवश्यकतानुसार आयोजित की जाएगी।
- टास्क फोर्स मातृ नवजात शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण (स्टंटिंग) में कमी लाने के लिये प्रस्तावित हस्तक्षेप तथा संभावित प्रभाव की रिपोर्ट राज्य शासन को 30 जून, 2022 तक प्रस्तुत करेगी।
- टास्क फोर्स को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान तकनीकी सचिवालय के रूप में कार्य करेगा।

## ‘मन का मोगरा’ पुस्तक का विमोचन

### चर्चा में क्यों ?

- 15 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री ऊषा ठाकुर तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने राज्य संग्रहालय में डॉ. साधना गंगराड़े द्वारा लिखित पुस्तक ‘मन का मोगरा’का विमोचन किया।

### प्रमुख बिंदु

- यह पुस्तक पारस्परिक रिश्तों, पर्वों, परंपराओं, संस्कारों, जीवन-मूल्यों और सामाजिक ताने-बाने पर आधारित ललित निबंधों का संकलन है।
- मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि ‘मन का मोगरा’पुस्तक सामाजिक ताने-बाने को सहेजती है। यह संयुक्त परिवार के मूल्य और आदर्श को समाज के सामने लाती है। यह भावी पीढ़ी के लिये प्रेरणास्रोत है।
- पुस्तक की लेखिका स्वयं 27 सदस्यों के संयुक्त परिवार में रहती हैं। उनके द्वारा लिखी गई यह पुस्तक नारी के विभिन्न रूपों को आदर्श रूप में समाज के सामने लाती है।

## देश की 13 नदियों के कायाकल्प की परियोजना में नर्मदा का चयन

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से वानिकी संबंधी पहलों के माध्यम से 13 प्रमुख नदियों के कायाकल्प पर जारी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) में मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी नदी नर्मदा को शामिल किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में 13 प्रमुख नदियाँ- झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास, सतलुज, यमुना, ब्रह्मपुत्र, लूनी, नर्मदा, गोदावरी, महानदी, कृष्णा और कावेरी शामिल हैं। परियोजना के अंतर्गत 202 सहायक नदियों सहित 13 नदियों की लंबाई 42,830 किमी. है।
- ये 13 नदियाँ सामूहिक रूप से 18,90,110 वर्ग किमी. के कुल बेसिन क्षेत्र को आच्छादित करती हैं, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 57.45 प्रतिशत है।
- विस्तृत परियोजना रिपोर्ट वर्ष 2015-16 में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) के हिस्से के रूप में किये गए कार्यों की तर्ज़ पर यह स्वीकार करते हुए तैयार किया गया है कि बढ़ता जल संकट नदी के पारिस्थितिक तंत्र के क्षरण का कारण है।
- नर्मदा नदी (जिसे रेवा के नाम से भी जाना जाता है) उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक पारंपरिक सीमा की तरह कार्य करती है। यह अपने उद्गम मैकल पर्वत के अमरकंटक शिखर से पश्चिम की ओर 1,312 किमी. बहते हुए खंभात की खाड़ी में जा मिलती है।
- यह परियोजना रिपोर्ट एक बहु-स्तरीय, बहु-हितधारक, बहु-विषयक और समग्र दृष्टिकोण पर आधारित है, ताकि 'अविरल धारा', 'निर्मल धारा'और पारिस्थितिक कायाकल्प के व्यापक उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।
- डीपीआर तीन प्रकार के परिदृश्यों में वानिकी हस्तक्षेप और आर्द्रभूमि प्रबंधन के लिये एक समग्र रिवरस्केप दृष्टिकोण अपनाने की क्षमता की पहचान करता है।
- वानिकी के ज़रिये 13 नदियों के संरक्षण के तहत नदियों के दोनों किनारों पर सघन पौधारोपण किया जाएगा। इससे वन क्षेत्र में 7,417.36 वर्ग किमी क्षेत्रफल की वृद्धि होने की उम्मीद है।
- प्रस्तावित हस्तक्षेप से 10 साल पुराने वृक्षारोपण से 50.21 मिलियन टन कार्बन डाईआक्साइड तथा 20 साल पुराने वृक्षारोपण से 74.76 मिलियन टन कार्बन डाईआक्साइड कम करने में मदद मिलेगी।
- 13 नदियों के परिदृश्य में प्रस्तावित हस्तक्षेप से प्रति वर्ष 1889.89 मिलियन घन मीटर ग्राउंड वाटर रिचार्ज होगा तथा तलछट के जमा होने में प्रतिवर्ष 64,83114 घन मीटर की कमी आएगी।

## 'ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज'प्रतियोगिता में देश के शीर्ष 11 में प्रदेश के 4 शहर का चयन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में एफएसएसएआई की 'ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज'प्रतियोगिता में देश के शीर्ष 11 में प्रदेश के 4 शहर- इंदौर, उज्जैन, सागर और जबलपुर चयनित हुए हैं। प्रतियोगिता में देश के 180 और प्रदेश के 9 ज़िलों ने भाग लिया था। इन शहरों को एफएसएसएआई द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- खाद्य सुरक्षा पारितंत्र को मज़बूत करने और आम नागरिकों में गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों के उपभोग की संस्कृति को विकसित करने के लिये 'ईट समार्ट सिटी चैलेंज'प्रतियोगिता हुई।
- इसमें खाद्य सुरक्षा से जुड़ी विविध गतिविधियों में रेग्यूलेटरी नमूना संग्रहण, खाद्य लाइसेंसों एवं पंजीयन में बढ़ोतरी, सार्वजनिक स्थलों पर खाद्य सुरक्षा को प्रोत्साहित करना, सोशल मीडिया से आम नागरिकों को खाद्य सुरक्षा की जानकारी देना, क्लीन स्ट्रीट फूड हब, क्लीन वेजीटेबल मार्केट, भोग, ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, हाईजीन रेटिंग आदि शामिल रहीं।
- प्रदेश में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यप्रद एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध 'मिलावट से मुक्ति'अभियान चलाया जा रहा है।
- प्रदेश में खाद्य पदार्थों की जाँच के लिये 15 चलित प्रयोगशाला संचालित हैं। चलित प्रयोगशाला से मात्र 10 रुपए में आम नागरिक अपने खाद्य पदार्थ की जाँच करा सकते हैं। जाँच क्षमता बढ़ाने के लिये इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में आधुनिक प्रयोगशालाओं का निर्माण किया जा रहा है।

- देश में प्रथम सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाले प्रदेश के संस्थानों में ईट राइट कैंपस प्राप्त करने वाला प्रथम एयरपोर्ट- राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल है। 'भोग'(BHOG) प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाला प्रथम मंदिर- महाकाल मंदिर, उज्जैन और 'भोग'(BHOG) प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाली प्रथम मस्जिद/दरगाह- दरगाह-ए-हकीमी, बुरहानपुर है।
- ईट राइट स्कूल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाला प्रथम स्कूल- सन्मति हायर सेकेंडरी स्कूल, इंदौर, ईट राइट कैंपस प्राप्त करने वाला प्रथम इनकम टैक्स ऑफिस- भोपाल एवं ईट राइट कैंपस प्राप्त करने वाला प्रथम मूक बधिर संस्थान- शासकीय मूक बधिर विद्यालय, रीवा है।

## कॉलेजों को मिलेगा दो वर्ष का प्रोविजनल एक्रीडिटेशन

### चर्चा में क्यों ?

- 16 मार्च, 2022 को आयुक्त, उच्च शिक्षा दीपक सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने कॉलेजों की मूल्यांकन प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब जिन महाविद्यालयों ने स्थापना के एक वर्ष पूर्ण कर लिये हैं, उन्हें प्रोविजनल एक्रीडिटेशन मिलेगा।

### प्रमुख बिंदु

- दीपक सिंह ने यह बात सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रोविजनल एक्रीडिटेशन प्रशिक्षण पर एकदिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही।
- उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के ओवरऑल परफॉरमेंस के मूल्यांकन के बाद नैक (NAAC) एक्रीडिटेशन मिलता है। नए स्थापित कॉलेजों के लिये पैक (PAC) एक अच्छी पहल है।
- उन्होंने प्रशिक्षण में आए हुए भोपाल एवं सागर संभाग के महाविद्यालयों के प्राचार्य और प्राध्यापकों को अपने-अपने महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन के लिये तैयार करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में 55 महाविद्यालयों के 110 प्राचार्य और प्राध्यापक शामिल हुए।
- उल्लेखनीय है कि प्रोविजनल एक्रीडिटेशन का प्रशिक्षण भोपाल, उज्जैन, जबलपुर तथा ग्वालियर में दिया जा रहा है।

## 1 अप्रैल से मज़दूरों को मिलेगा कैशलेस इलाज

### चर्चा में क्यों ?

- 18 मार्च, 2022 को आयुष्मान भारत निरामयम सोसाइटी के सीईओ अनुराग चौधरी ने बताया कि मध्य प्रदेश में बिल्डिंग, सड़क, ब्रिज, तालाब जैसी साइट्स पर निर्माण कार्यों में लगे मज़दूरों को 1 अप्रैल से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि बिल्डिंग, सड़क, ब्रिज जैसी जगह पर निर्माण करने वाले 12 लाख 50 हज़ार मज़दूरों को राज्य शासन के आयुष्मान भारत निरामयम सोसाइटी और कर्मकार मंडल द्वारा अनुबंध के तहत आयुष्मान योजना से जोड़ा जा रहा है।
- अनुबंध के तहत कर्मकार मंडल में दर्ज श्रमिक परिवारों को कार्ड बनाकर फ्री इलाज की सुविधा दी जाएगी। इसके तहत प्रदेश के साढ़े 12 लाख श्रमिक परिवार को हर साल 5 लाख रुपए तक के नि:शुल्क इलाज की सुविधा भी मिलेगी।
- प्रदेश में 90 फीसदी असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। इन श्रमिकों को आयुष्मान योजना से फ्री इलाज की सुविधा मिल सकेगी। मज़दूर कई बार निर्माण कार्यों के दौरान होने वाले हादसे में घायल हो जाते हैं और आर्थिक तंगी के चलते समय पर इलाज नहीं करा पाते, लेकिन आयुष्मान योजना से वे इलाज करा सकेंगे।
- कर्मकार मंडल में पंजीकृत मज़दूरों सहित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कार्ड बनाकर दिये जाएंगे। इसके लिये कंस्ट्रक्शन साइट्स पर कैंप लगाए जाएंगे। वहीं, कर्मकार मंडल के कार्डधारी मज़दूर श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड और समग्र आईडी के ज़रिये कियोस्क सेंटर से भी कार्ड बनवा सकते हैं।
- आयुष्मान योजना के तहत इलाज कराने वाले श्रमिकों के इलाज का खर्च कर्मकार मंडल द्वारा वहन किया जाएगा। इसके लिये प्रति मज़दूर करीब 1052 रुपए की राशि सालाना प्रीमियम के तौर पर निरामयम सोसाइटी में कर्मकार मंडल द्वारा जमा की जाएगी।

## औबेदुल्ला खाँ हैरिटेज कप हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

- 21 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित औबेदुल्ला खाँ हैरिटेज कप हॉकी टूर्नामेंट 2022 का शुभारंभ किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने औबेदुल्ला खाँ हैरिटेज कप की ट्रॉफी का अनावरण भी किया।

### प्रमुख बिंदु

- भोपाल में यह टूर्नामेंट 21 से 27 मार्च तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि औबेदुल्ला खाँ कप हॉकी टूर्नामेंट 1931 में स्थापित हुआ था। बीच में यह बंद हो गया, कोरोना के कारण भी इसमें व्यवधान हुआ।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप में ईपी इवेंट में रजत पदक विजेता प्रज्ञा सिंह तथा कांस्य पदक विजेता आर्यन सेन, जॉर्डन में आयोजित एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता अमन सिंह बिष्ट तथा रजत पदक विजेता आनंद यादव तथा आबू धाबी में आयोजित एशियन सेलिंग चैंपियनशिप के 4.7 लेज़र इवेंट में स्वर्ण पदक विजेता रितिका दांगी और कांस्य पदक विजेता नेहा ठाकुर को सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने डैफलंपिक, ब्राज़ील 2022 के लिये चयनित मध्य प्रदेश की बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा और टेनिस खिलाड़ी धनंजय दुबे को एक-एक लाख रुपए का प्रतीकात्मक चेक भेंट कर सम्मानित किया।

## 'आदि बाज़ार' का भोपाल हाट में उद्घाटन

### चर्चा में क्यों ?

**21 मार्च, 2022 को ट्राइफेड के अध्यक्ष रामसिंह राठवा ने भोपाल के भोपाल हाट में जैविक जनजातीय उत्पादों और दस्तकारी के सामानों की जीवंत प्रदर्शनी 'आदि बाज़ार'का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।**

### प्रमुख बिंदु

- यह प्रदर्शनी 21 मार्च से 30 मार्च, 2022 तक चलेगी। इसमें देश के 15 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले 70 से अधिक स्टॉल होंगे।
- जनजातीय जीवन के मूल लोकाचार का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में देश के 15 राज्यों के जनजातीय हस्तशिल्प, कला, पेंटिंग, कपड़े, आभूषणों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री होती है।
- जनजातीय कला और शिल्प की प्रदर्शनी 'आदि बाज़ार'का आयोजन जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।
- ये आदि बाज़ार वंचित जनजातीय लोगों की आजीविका में सुधार के लिये ट्राइफेड के संगठित प्रयासों का एक हिस्सा है, जो पिछले दो वर्षों में सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं।
- आदि बाज़ार में ट्राइब्स इंडिया और जनजातीय कारीगरों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले उत्पाद, जैसे- मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध माहेश्वरी साड़ियाँ, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के गर्म ऊनी कपड़े, तमिलनाडु के जनजातीय लोगों द्वारा खरीदी गई प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली विभिन्न जड़ी-बूटियाँ और मसाले, उत्तर-पूर्वी भारत के विशेष शहद और जैविक उत्पाद, प्रतिष्ठित टोडा कढ़ाई से लेकर असम के मोगा रेशम और नागालैंड की काली मिट्टी के बर्तन तक उपलब्ध हैं।

नोट :

## प्रदेश के लिये एक लाख 15 हज़ार 564 प्रधानमंत्री आवास (शहरी) स्वीकृत

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक में एक लाख 15 हज़ार 564 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत किये गए हैं।

### प्रमुख बिंदु

- नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इन आवासों के लिये केंद्र और राज्य के अंश के रूप में आवास बनाने हेतु हितग्राहियों के खाते में 2889 करोड़ रुपए अंतरित किये जाएंगे।
- प्रधानमंत्री आवास (बीएलसी) बनाने के लिये हितग्राहियों को ढाई लाख रुपए की अनुदान राशि दी जाती है। 197 नगरीय निकायों के हितग्राहियों के लिये यह आवास स्वीकृत किये गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 17 मार्च को नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी से भेंट कर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लंबित प्रस्तावों को स्वीकृत करने का आग्रह किया था।

## प्रदेश की 2 महिलाओं का दिल्ली में सम्मान

### चर्चा में क्यों ?

- 24 मार्च, 2022 को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में मज़दूरी से स्व-रोज़गार तक का सफर तय करने वाली ज़िला नर्मदापुरम की मीरा यादव और कुंता बाई यादव को सम्मानित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- ये दोनों महिलाएँ महात्मा गांधी नरेगा में पहले मज़दूरी का काम करती थीं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने एवं मनरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद दोनों ने डेयरी उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया, जिससे अब दोनों को 10 हज़ार से 15 हज़ार रुपए तक मासिक आय हो रही है।
- गौरतलब है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव में समस्त राज्यों से प्रोजेक्ट उन्नति में प्रशिक्षित 75 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश की ये दोनों महिलाएँ शामिल हैं।
- प्रोजेक्ट उन्नति केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के मनरेगा डिवीज़न का एक कार्यक्रम है। इसे मनरेगा में काम कर रहे ग्रामीण परिवारों के सदस्यों को उनकी रुचि के आधार पर प्रशिक्षण देकर उन्हें रोज़गार एवं स्व-रोज़गार के काबिल बनाने के लिये शुरू किया गया है।

## इंडो-इज़राइल प्रोजेक्ट के तहत हरदा में खुलेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

### चर्चा में क्यों ?

- 24 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल और इज़राइल दूतावास के कृषि प्रतिनिधियों के बीच हुई वर्चुअल मीटिंग में निर्णय लिया गया कि प्रदेश में माइक्रो इरीगेशन और हाईटेक एग्रीकल्चर के लिये तीसरा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हरदा में खोला जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- मंत्री कमल पटेल ने इज़राइली दूतावास के कृषि संबंधी प्रतिनिधियों से चर्चा कर उन्हें निमाड़-मालवा क्षेत्र में मसाला, औषधीय और फूलों की खेती के लिये उपयुक्त वातावरण से अवगत कराया।
- मीटिंग में इज़राइली तकनीक हस्तांतरण के लिये अधिकृत कंपनी 'माशव' के प्रतिनिधियों ने कहा कि शीघ्र ही हरदा एवं आसपास के क्षेत्रों का सर्वे किया जाएगा। जिसके बाद हरदा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोला जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में इज़राइली सहयोग से उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के लिये छिंदवाड़ा और मुरैना में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का क्रियान्वयन प्रक्रियाधीन है।

नोट :

- तीसरा सेंटर हरदा में खुल जाने से निमाड़-मालवा एवं नर्मदा घाटी क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों, औषधीय फसलों और फूलों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। कृषकों को नवीन तकनीक की जानकारी मिलेगी, जिससे कि फसल विविधता के साथ उत्पादकता और गुणवत्ता को भी बढ़ाया जा सकेगा।

## मुख्यमंत्री ने किया चतुर्थ चित्रभारती फिल्मोत्सव प्रदर्शनी का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 24 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिशनखेड़ी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चतुर्थ चित्रभारती फिल्मोत्सव प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- प्रदर्शनी में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेताओं सहित फिल्मोत्सव से संबंधित अनेक चित्र लगाए गए हैं।
- इस प्रदर्शनी की थीम 'कल, आज और कल' पर आधारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार का लोकार्पण भी किया।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का चित्रभारती फिल्मोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका मीडिया मीमान्सा और चित्रभारती फिल्मोत्सव की बुकलेट का विमोचन किया।
- इस फिल्मोत्सव का आयोजन 27 मार्च तक होगा, जिसमें चयनित 120 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी

## मावे के तीनदिवसीय अधिवेशन स्वीप-2022 का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

- 24 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मध्य प्रदेश महिला उद्यमी संगठन की कॉन्फ्रेंस 'स्वीप 2022' का शुभारंभ किया। इसका आयोजन एमपी एसोसिएशन ऑफ वूमेन इंटरप्रेन्योर (मावे) ने किया है।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिये नए लाभकारी प्रावधान किये जाएंगे। इसके लिये प्रचलित योजनाओं में ज़रुरी संशोधन किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना' प्रारंभ की जाएगी। भोपाल और इंदौर में महिला उद्यमियों के लिये अलग इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनाया जाएगा। ज़िलों में एमएसएमई सेक्टर में प्रत्येक ज़िले में महिलाओं के लिये क्लस्टर आरक्षित करने की व्यवस्था की जाएगी।
- ई स्टार्टअप नीति में भी महिला उद्यमियों के लिये सुविधाएँ बढ़ाने के प्रावधान रहेंगे। 'स्टार्ट योर बिज़नेस इन थर्टी डेज' में महिला उद्यमियों को विशेष सुविधा दी जाएगी।
- जबलपुर और अन्य स्थान पर मल्टी स्टोरीज फैक्टरी कॉम्प्लेक्स के निर्माण सहित 'मुख्यमंत्री नारी सम्मान कोष' की स्थापना भी की जाएगी।

## जल जीवन मिशन में इंदौर संभाग अव्वल

### चर्चा में क्यों?

- 25 मार्च, 2022 तक जल जीवन मिशन में प्रदेश की समग्र ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति करवाकर इंदौर संभाग प्रदेश में अव्वल है।

### प्रमुख बिंदु

- इंदौर संभाग में मिशन के ज़रिये अब तक 9 लाख 67 हज़ार ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध कराया जा चुका है।
- मिशन में इंदौर ज़िले की 387, धार ज़िले की 412, झाबुआ ज़िले की 425, बड़वानी ज़िले की 265, अलीराजपुर ज़िले की 114, खरगौन ज़िले की 380, खंडवा ज़िले की 313 तथा बुरहानपुर ज़िले की 83 जल संरचनाएँ शामिल हैं।

- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इंदौर संभाग के आठों ज़िलों में अब तक 2671 करोड़ 69 लाख 32 हज़ार रुपए लागत की 2379 जल-प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति दी जा चुकी है।
- विभाग द्वारा मिशन के मापदंडों के अनुसार इन ज़िलों के लिये नवीन और रेट्रोफिटिंग के रूप में स्वीकृत सभी जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य सतत् रूप से जारी हैं।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय संचालन समिति गठित

### चर्चा में क्यों?

- 25 मार्च, 2022 को राज्य शासन ने प्रदेश में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन योजना के संचालन के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय उच्च शक्ति प्राप्त संचालन समिति का गठन किया।

### प्रमुख बिंदु

- समिति में प्रमुख सचिव वित्त, नगरीय विकास एवं आवास, वन एवं पर्यावरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय से मनोनीत प्रतिनिधि सदस्य होंगे।
- समिति में आयुक्त सह सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास सदस्य सचिव एवं मिशन संचालक होंगे।
- राज्यस्तरीय उच्च शक्ति प्राप्त संचालन समिति मिशन के समग्र कार्यान्वयन के लिये उत्तरदायी होगी। समिति सिटी वाटर बैलेंस प्लान, सिटी वाटर एक्शन प्लान के आधार पर स्टेट वाटर एक्शन प्लान को मंज़ूरी देने और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का प्रशासनिक अनुमोदन करेगी।

## प्रदेश के शहरों में प्रारंभ होंगे गोबर-धन प्रोजेक्ट

### चर्चा में क्यों?

- 26 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में गोबर-धन प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय के गोबर को क्रय करने की व्यवस्था की जाएगी। गाय के गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर गो-काष्ठ के निर्माण में किया जाता है। इसे प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे गो-पालकों को भी राशि प्राप्त होगी।
- गुजरात सहित अन्य राज्यों में गो-संवर्धन और गो-संरक्षण के प्रयोगों का अध्ययन कर मध्य प्रदेश में नवीन कार्यों की शुरुआत की जाएगी। गो-शालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिये भी ठोस प्रयास किये जाएंगे।
- आमजन को गाय और सड़क पर विचरण करने वाले अन्य पशुओं की देखभाल के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया जाएगा। गाय के गोबर और गो-मूत्र से आय होने पर आम नागरिक गो-पालन के लिये प्रेरित होगा।
- मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इंदौर में गोबर-धन योजना में पीएनजी संयंत्र के संचालन के सफल प्रयोग को अन्य स्थानों तक ले जाया जाएगा।

## महेश्वर उत्सव

### चर्चा में क्यों?

- 26 मार्च, 2022 को भोपाल के मृगनयनी एम्पोरियम जीटीबी कॉम्प्लेक्स में महेश्वर उत्सव का शुभारंभ हुआ। यह उत्सव 22 अप्रैल तक चलेगा।

### प्रमुख बिंदु

- महेश्वर उत्सव का प्रारंभ प्रसिद्ध गौंडी चित्रकार दुर्गाबाई व्याम ने किया।
- इस अवसर पर दुर्गाबाई व्याम ने कहा कि यह उत्सव हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इससे कलाकारों को नया उत्साह मिलेगा।

नोट :

- मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने कहा कि मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम का मुख्य उद्देश्य बुनकर चित्रकारों को रोज़गार एवं सम्मान दिलाना तथा प्राचीन कला और संस्कृति के कलाकारों को आगे बढ़ाना है।
- इस उत्सव में माहेश्वरी साड़ियों के साथ ही अन्य उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। प्रदर्शनी में कबीर बुनकर पुरस्कार प्राप्त कलाकार विकास बड़े के उत्पादों को भी शामिल किया गया है।

## रेलवे ने ओबैदुल्ला खान हॉकी कप टूर्नामेंट जीता

### चर्चा में क्यों ?

- 27 मार्च, 2022 को भारतीय रेलवे की पुरुष हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित ओबैदुल्ला खान हेरिटेज हॉकी कप टूर्नामेंट जीत लिया। फाइनल मुकाबले में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) की टीम ने आर्मी इलेवन को 2 गोल से पराजित किया।

### प्रमुख बिंदु

- यह प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट भोपाल के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 21 मार्च से 27 मार्च, 2022 तक खेला गया, जिसमें एक दर्जन टीमों ने भाग लिया।
- वर्ष 1931 में ओबैदुल्ला गोल्ड कप के रूप में शुरू हुआ यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कई दशकों से चल रहा है और अपनी खेल यात्रा के दौरान इसने कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सृजन किया है।
- यह प्रतियोगिता आखिरी बार वर्ष 2016 में खेली गई थी और इस साल छह वर्ष के अंतराल के बाद इसे फिर आयोजित किया गया था। पिछली बार वर्ष 2016 में यह टूर्नामेंट बीपीसीएल ने जीता था और रेलवे की टीम उपविजेता रही थी।
- 'मैन ऑफ द फाइनल मैच' रेलवे के जोगिंदर, बने। वहीं 'सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर' जसजीत और 'सर्वश्रेष्ठ मिड फील्डर' नियाज रहीम रहे। रेलवे टीम के अर्जुन को 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे में लगभग 3000 सक्रिय पुरुष और महिला खिलाड़ी हैं। रेलवे के पास आरसीएफ, कपूरथला में समर्पित हॉकी अकादमी सहित देश भर में एक विशाल खेल बुनियादी ढाँचा है।
- 2020 टोक्यो ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कुल 16 खिलाड़ियों में से 12 खिलाड़ी रेलवे से चुनी गई थी। ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में भी भारतीय रेलवे के दो खिलाड़ी थे।
- गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 के दौरान आरएसपीबी पुरुष हॉकी टीम ने राष्ट्रीय स्तर के 5 टूर्नामेंट में भाग लिया है और पाँचों टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला है।

## बुरहानपुर बना शत-प्रतिशत नल-जल युक्त पहला जिला

### चर्चा में क्यों ?

- हाल ही में बुरहानपुर ज़िला जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को उनके घर में नल कनेक्शन के ज़रिये जल उपलब्ध करवाने वाला प्रदेश का पहला ज़िला बन गया है।

### प्रमुख बिंदु

- जल जीवन मिशन में प्रदेश की समूची ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के लिये हर ज़िले में एकल अथवा समूह जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य जारी हैं।
- लगभग पाँच लाख की ग्रामीण जनसंख्या वाले बुरहानपुर ज़िले में जल जीवन मिशन में 129 करोड़ रुपए से अधिक लागत की जल प्रदाय योजनाओं से प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक अब नल से जल पहुँच रहा है।
- ज़िले के दोनों (बुरहानपुर और खकनार) विकासखंड में 167 ग्राम पंचायतें और 254 ग्राम हैं। जल जीवन मिशन में ज़िले के सभी गाँवों के सभी परिवार के घर तक नल कनेक्शन से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा चुकी है।
- ज़िले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सभी आँगनबाड़ी केंद्र और शालाओं में भी प्लेटफॉर्म बनाकर उनमें नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है।

नोट :

- मिशन की गाइडलाईन के अनुसार ज़िले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठित की गई है।
- ग्रामीण परिवारों को मिल रहे जल की गुणवत्ता की समुचित जाँच के लिये 541 महिलाओं को एफटीके से जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है।
- स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सेक्टर वाइस क्लस्टर बनाकर उन्हें जल उपभोक्ता परिवारों से जल कर राशि प्राप्त करने का दायित्व भी सौंपा गया है।

## सौर ऊर्जा चालित ई-प्राइम मूवर यंत्र

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल के विज्ञानियों ने सौर ऊर्जा चालित ई-प्राइम मूवर यंत्र विकसित किया है।

### प्रमुख बिंदु

- यह सौर ऊर्जा से चलित यंत्र है, जिससे किसान सिर्फ एक घंटे में सवा एकड़ ज़मीन में दवा का छिड़काव कर सकेंगे।
- इतनी ही ज़मीन की जुताई, निराई-गोड़ाई पाँचे घंटे से कम समय में इस यंत्र की सहायता से की जा सकेगी, जिसमें ईंधन खर्च नहीं होगा।
- इस यंत्र की बैटरी एक बार चार्ज होने के बाद तीन घंटे तक चलेगी। सौर ऊर्जा से चार्ज हुई बैटरी से किसान घर की बिजली भी जला सकेंगे।
- इस यंत्र का उपयोग अनाज को लाने-ले जाने में भी होगा।
- इसके अतिरिक्त संस्थान के विज्ञानियों ने सीएनजी इंजन भी बनाया है, जिसे ट्रैक्टर में लगवाने के बाद खेती की लागत कम की जा सकती है।

## मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी और नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के मध्य अनुबंध

### चर्चा में क्यों?

- 30 मार्च, 2022 को मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड एवं राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान (नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट-एनपीटीआई) के मध्य पावर जेनरेटिंग कंपनी के कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु एक दीर्घकालीन प्रशिक्षण अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अनुबंध के तहत नेशनल पावर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी के कार्मिकों को विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधकीय विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि कंपनी के इस प्रयास से कार्मिक कम व्यय पर अधिक गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।
- अनुबंध के अनुसार ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के देश में स्थित दस संस्थानों द्वारा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।